ऐतिहासिक विरासतो के महत्व व सुरक्षा विषय पर 15 सितम्बर, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार मे अन्तर महाविद्यालय संभाषण, नारा लेखन एवं स्पॉट पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभाग के इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा किया गया जिसमे फरीदाबाद व पलवल जिले के विभिन्न कॉलेजो की टीमों ने भाग लिया. अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी के दिशानिर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इंटेक यंग हैरिटेज क्लब फरीदाबाद चैप्टर के संयोजक श्री आनन्द मेहता जी के दिशा निर्देशन में यह क्लब 2009 में स्थापित हुआ था. भारत की धनी विरासते उनके सरक्षण, चुनौतियाँ व संभावनाएं भारत की आर्थिक व सास्कृतिक सम्पत्ति अध्ययन के लिए प्राथयक्रम का विकास जैसे विषयवस्तु पर विचार प्रस्तुत किए गए. नारा लेखन एवं स्पॉट पेटिंग के द्वारा भी प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक विरासतों का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया. संभाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डी.ए.वी. कॉलेज की कु0 नन्दन्दी शर्मा, द्वितीय स्थान पर सरस्वती महिला महाविद्यलाय की कु0 मीना तथा तृतीय स्थान पर के.एल. मेहता दयानन्द कॉलेज की कु0 रितु शर्मा तथा सातंवना पुरस्कार वंन्दना अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को दिया गया. स्पॉट पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा कु0 मोनिका, द्वितीय स्थान पर डी.ए.वी. कॉलेज की कु0 प्राची तथा तृतीय स्थान पर के.एल. मेहता की कु0 सरस्वती यादव रही. नारा लेखन माँ ओमवत्ती महाविद्यालय की मीनू जिसने "सेव अवर मोनूमेन्टस सेव अवर नेशनस प्राईड" का नारा लिखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, व्तिीय स्थान पर डी.ए.वी. कॉलेज का छात्र सागर सोलंकी, तृतीय स्थान पर कु0 मनीषा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ तथा सातंवना पुरुस्कार साबिया नॉज के.एल. मेहता को दिया गया.

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में श्री एल. आर. शर्मा, श्रीमती किरण आनन्द और डॉ0 रामचन्द्र रहें. मुख्य निर्णायक के रुप में उपस्थित श्री एल. आर. शर्मा ने अपने उदबोधन में बताया कि इतिहास का विषय प्रतियोगिताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. और उन्होंने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की. अन्त में अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी महाविद्यालयों के आये हुए टीम इंचाजों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इतिहास विषय की महत्ता पर जोर दिया और इंटेक क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी. कार्यक्रम के संयोजक इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने सभी का धन्यवाद किया. कार्यक्रम में इतिहास विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती विनिता शर्मा व अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे.